राजस्थान सरकार
**आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/RACE-AAP/2020-21/395; दिनांक : 07 April 2021

प्राचार्य, एवं अध्यक्ष
जिला संसाधन सहायता समिति (DRAC)
राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान।

विषयः बजट घोषणा फरवरी 2019 के बिन्दु संख्या 31 (RACE) एवं बिन्दु संख्या 32 (AAP) की अनुपालना में आरम्भ योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजन के संबंध में।

उपर्युक्त बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की सत्र 2020–21 में प्रगति अपडेट हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रथम समीक्षा बैठक दिनांक **19 एवं 20 अप्रैल 2021** को **प्रातः 10.30 बजे से ली जायेगी,** जिसमें निम्न कार्यक्रमानुसार सभी जिला संसाधन सहायता समितियों (DRACs) के अध्यक्ष अपना अपना पॉवर पॉइण्ट के माध्यम से प्रजेन्टेशन करेंगे। प्रेजेन्टेशन में निम्नलिखित बिन्दुओं पर मुख्यतः ध्यान दिया जाना अनिवार्य है, जिन पर जिलेवार व्यक्तिगत चर्चा केन्द्रित रहेगी –

1. सत्र 2019–20 एवं सत्र 2020–21 में संबंधित जिले में जीरो पोस्टिंग विषयों एवं महाविद्यालयों की क्या स्थिति रही, तथा कितने महाविद्यालयों से शिक्षक भेजने की मांग प्राप्त हुई ? कितने महाविद्यालयों में कितने दिन की शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई।
2. सत्र 2019–20 एवं सत्र 2020–21 में संबंधित जिले में RACE योजना के अन्तर्गत क्या उपलब्धियां रही ?
3. अध्यक्ष महाविद्यालय द्वारा अपने जिले में क्या–क्या सहायता उपलब्ध करवाई गई ?
4. सत्र 2019–20 एवं सत्र 2020–21 में DRAC की कुल कितनी बैठकें जिले में आयोजित की गई ? बैठकवार दिनांक एवं उपस्थित महाविद्यालयों की संख्या का विवरण बताना है।
5. सत्र 2019–20 एवं सत्र 2020–21 में संबंधित जिले में RACE योजना के अन्तर्गत DRAC द्वारा महाविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार एवं महाविद्यालयों के विकास के संबंध में क्या क्या निर्णय लिये गये, और उनकी क्रियान्विती की प्रगति एवं उपलब्धियां बतायें।
6. सरकार/विभाग द्वारा विद्यार्थी/शिक्षक हितार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं की सुचारु क्रियान्विति के लिये DRAC में लिये गये निर्णयों एव क्रियान्विति योजनाओं से अवगत करवायें।
7. आपके जिले से संबंधित महाविद्यालयी ज्वलंत 5 समस्याएं बताइये, तथा इनके समाधान हेतु DRAC अध्यक्ष रुप में आपके प्रयास क्या रहे, संक्षिप्त में बताइये।
8. क्या आपको अपने जिले के महाविद्यालयों की सत्र 2019–20 एवं सत्र 2020–21 में AAP योजना के अन्तर्गत स्व–मूल्यांकन आधार पर उपलब्धियां एवं कमियां ज्ञात हैं। आपके जिले में महाविद्यालयों के स्व–मूल्यांकन आधार पर सत्र 2019–20 एवं सत्र 2020–21 में न्यूनतम एवं अधिकतम स्कोर क्या एवं किन–किन महाविद्यालयों के रहे हैं ?
9. क्या DRAC बैठक में सत्र 2019–20 एवं सत्र 2020–21 में स्व–मूल्यांकन आधार पर जो कमियां आई हैं, क्या उन पर DRAC बैठक में कोई चर्चा की गई, एवं उनके निराकरण के उपाय हेतु कोई क्या योजना तैयार की गई है ?
10. आपके जिले में सत्र 2019–20 एवं सत्र 2020–21 में राजकीय महाविद्यालयों में सामुदायिक पुस्तक शाला में कुल कितनी पुस्तकें जमा हुई हैं, और कितने विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं ?
11. आपके जिले के राजकीय महाविद्यालयों में सत्र 2020–21 में कुल कितने वीडियो कन्टेन्ट तैयार करवाये गये, कितने महाविद्यालय के यू–ट्यूब चैनल पर अपलोड किये गये, तथा कितने विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं ?
12. ऐसे कितने महाविद्यालय एवं शिक्षक है, जिनके वीडियो कन्टेन्ट की संख्या शून्य है ?
13. आपके जिले के महाविद्यालयों में विद्यार्थियों में रोजगारोन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षणों में विद्यार्थियों की अधिकाधिक सहभागिता प्रोत्साहित करने के लिये क्या प्रयास किये गये हैं, और विद्यार्थियों की कितनी सहभागिता रही है ?
14. मुख्यमंत्री युवा कौशल कौशल योजना एवं कौशल प्रशिक्षण हेतु बजट घोषणा 2020–21 की क्रियान्विति हेतु आपके जिले के महाविद्यालयों की क्या उपलब्धियां हैं ?
15. आपके जिले में कितने शिक्षकों को ज्ञान गंगा कार्यक्रमान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है ? महाविद्यालयवार केवल संख्या बतायें। साथ ही, वर्ष 1995 एवं इसके बाद पदस्थापित कितने संकाय सदस्य इस प्रशिक्षण में छूट गये ?
16. आपके जिले में कितने राजकीय महाविद्यालय सत्र 2020–21 में स्व–मूल्यांकन आधार पर C अथवा इससे नीचे चले गये हैं ?
17. आपके जिले में कितने राजकीय महाविद्यालय सत्र 2020–21 में NAAC मूल्यांकन के योग्य है, तथा कितने महाविद्यालय NAAC मूल्यांकन हेतु अवोदन कर रहे हैं ?

**मीटिंग आयोजन कार्यक्रम : प्रथम बैच 19 अप्रैल 2021; समय प्रातः 10.30 बजे से**

| क.सं. | जिला | संबंधित महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1. | अजमेर | सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर |
| 2. | अलवर | बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर |
| 3. | भरतपुर | महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर |
| 4. | भीलवाडा | राजकीय महाविद्यालय, भीलवाडा |
| 5. | बीकानेर | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 6. | बूंदी | राजकीय महाविद्यालय, बूंदी |
| 7. | चित्तौडगढ | महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय, चित्तौडगढ |
| 8. | चुरु | राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चुरु |
| 9. | दौसा | राजकीय महाविद्यालय, दौसा |
| 10. | जयपुर | राजकीय महाविद्यालय, कोटपूतली, जयपुर |
| 11. | कोटा | राजकीय महाविद्यालय, कोटा |
| 12. | सीकर | राजकीय कन्या महाविद्यालय, सीकर |
| 13. | सिरोही | राजकीय महाविद्यालय, सिरोही |
| 14. | टोंक | राजकीय महाविद्यालय, टोंक |
| 15. | उदयपुर | राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर |

**मीटिंग आयोजन कार्यक्रम : द्वितीय बैच 20 अप्रैल 2021; समय प्रातः 10.30 बजे से**

| क.सं. | जिला | संबंधित महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 16. | बांसवाडा | राजकीय महाविद्यालय, बांसवाडा |
| 17. | बारां | राजकीय महाविद्यालय, बारां |
| 18. | बाडमेर | राजकीय महाविद्यालय, बाडमेर |
| 19. | धौलपुर | राजकीय महाविद्यालय, धौलपुर |
| 20. | डूंगरपुर | राजकीय महाविद्यालय, डूंगरपुर |
| 21. | हनुमानगढ | राजकीय महाविद्यालय, हनुमानगढ |
| 22. | जैसलमेर | राजकीय महाविद्यालय, जैसलमेर |
| 23. | जालौर | राजकीय महाविद्यालय, जालौर |
| 24. | झालावाड | राजकीय महाविद्यालय, झालावाड |
| 25. | झुन्झुनू | राजकीय महाविद्यालय, झुन्झुनू |
| 26. | जोधपुर | राजकीय महाविद्यालय, जोधपुर |
| 27. | करौली | राजकीय महाविद्यालय, करौली |
| 28. | नागौर | राजकीय महाविद्यालय, नागौर |
| 29. | पाली | राजकीय महाविद्यालय, पाली |
| 30. | प्रतापगढ | राजकीय महाविद्यालय, प्रतापगढ |
| 31. | राजसमन्द | राजकीय महाविद्यालय, राजसमन्द |
| 32. | सवाईमाधोपुर | राजकीय महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर |
| 33. | श्रीगंगानगर | राजकीय महाविद्यालय, श्रीगंगानगर |

इस कार्यशाला के आयोजन के संबंध में यह भी निर्देशित है कि –

1. प्राचार्य, एवं अध्यक्ष, जिला संसाधन सहायता समिति (DRAC) आवश्यक रुप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही उनके साथ उनके ही महाविद्यालय ये नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी को भी मीटिंग में उपस्थित रहने के लिये निर्देशित करें। परन्तु प्रजेन्टेशन का कार्य स्वयं प्राचार्य ही करेंगे। मीटिंग में DRAC अध्यक्ष महाविद्यालय के अतिरिक्त अन्य किसी महाविद्यालय से कोई भी व्यक्ति, तथा DRAC अध्यक्ष महाविद्यालय से

उपरोक्त निर्देशानुसार प्राचार्य सहित केवल 02 व्यक्तियों के अतिरिक्त कोई भी इस बैठक में ऑनलाइन उपस्थित नहीं रहेंगे। यह बैठक केवल DRAC अध्यक्ष महाविद्यालयों के साथ आयोजित की जा रही है।

2. इसके बाद आगामी चरण में सभी जिलों के अन्य महाविद्यालयों से भी इसी प्रकार बैठक आयोजन की मंशा है, जिसमें अन्य महाविद्यालयों से भी इसी प्राकर संस्था विाकस, विद्यार्थी हित एवं शिक्षण गुणवत्ता के संबंध में चर्चा की जायेगी। अतः DRAC अध्यक्ष महाविद्यालय अपने प्रजेन्टेशन्स में सही एवं यथार्थ सूचना ही साझाा करें। समचनाओं में अन्तर होने पर यह दायित्व DRAC अध्यक्ष महाविद्यालय का होगा।

3. **सभी DRAC अध्यक्ष महाविद्यालय अपना PPT प्रजेन्टेशन दिनांक 16 अप्रैल 2021 तक आवश्यक रुप से आयुक्तालय के नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ को innovation.cceraj@gmail.com पर ई–मेल करेंगे।** यह सभी संबधित प्राचार्यो का व्यक्तिगत दायित्व है कि वे यह सुनिश्चित करें उनकी PPT उपुर्यक्त निर्देशित दिनांक तक भेज दी गई है।

4. उपर्युक्त निर्देशित सभी 17 बिन्दुओं के संबंध में DRAC अध्यक्ष महाविद्यालय अपने स्तर पर आदेश जारी कर जिले के सभी राजकीय महाविद्यालयों से सूचनाएं संग्रहित कर अपना प्रजेन्टेशन तैयार करेंगे।

5. बैठक में प्रत्येक प्राचार्य को प्रजेन्टेशन के लिये अधिकतम 5–6 मिनिट का समय दिया जायेगा। अतः अपनी सूचना को यथासंभव संक्षिप्ततः ही समायोजित कर प्रजेन्टेशन तैयार करें।

6. इस बैठक के लिये लिंक एवं प्लेटफार्म की सूचना दिनांक 15 अप्रैल 2021 तक सूचित कर दी जायेगी।

7. जो DRAC अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य आयुक्तालय कोल्जेज शिक्षा जयपुर द्वारा निम्रित RACE n DRAC व्हाट्सएप ग्रुप में जुडे हुए नहीं हैं, वे नवाचार प्रकोष्ठ के निम्नलिखित अधिकारियों से सम्पर्क कर इस ग्रुप में जुडें।

इस संबंध में किसी प्रकार की सहायता अथवा मार्गदर्शन हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर में निम्नलिखित अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं –

| | | |
|---|---|---|
| 1. डॉ. शिवांगना शर्मा | : सह आचार्य, नवा. एवं कौशल विकास | 9461519852 |
| 2. डॉ. ललिता यादव | : सह आचार्य, नवा. एवं कौशल विकास | 9529993619 |
| 3. डॉ. विश्राम मीना | : सहा. आचार्य, नवा. एवं कौशल विकास | 9950373686 |

**संदेश नायक,** IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

पत्रांकः CCE/ISDC/ RACE -AAP/2020-21/396; दिनांक : 07 April 2021

सूचनार्थ प्रतिलिपिः
1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर को भी सूचित किया जाता है कि निर्देशानुसार वे भी इस बैठक में उपस्थित रहकर अपने अपने प्रकोष्ठों से संबंधित समस्याएं नोट करके उनके समाधान पर श्रीमान आयुक्त से चर्चा करेंगे।
4. समस्त प्रभारी अधिकारी, जो DRAC अध्यक्ष महाविद्यालयों से संबंधित है, को भी सूचित किया जाता है कि निर्देशानुसार वे भी इस बैठक में उपस्थित रहकर अपने अपने महाविद्यालयों से संबंधित समस्याएं नोट करके उनके समाधान पर संबंधित संयुक्त निदेशक के माध्यम से श्रीमान आयुक्त से चर्चा करेंगे।
5. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा भी इस बैठक में उपस्थित रहेंगें
6. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

07/4/2021

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ